प्रादेशिक समाचार

दिनांक–03.03.2025 (दोपहर–1455 बजे)

विधानसभा के बजट सत्र के दौरान आज राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए एक लाख पैंतासील हजार चार सौ करोड़ रुपये का बजट पेश किया। सरकार ने इसे अबुआ बजट का नाम दिया है। बजट पेश करते हुए श्री किशोर ने बताया कि राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मंइयां सम्मान के लिए 13 हजार 363 करोड़ 35 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि बजट में अन्य सेक्टरों के लिए भी अलग–अलग राशि का प्रावधान किया गया है।

केंद्र सरकार पर राज्य सरकार का 1 लाख 36 हजार करोड़ रुपये बकाये का मामला भी आज विधानसभा में उठा। जदयू विधायक सरयू राय ने जानना चाहा कि राज्य सरकार ने इस दिशा में क्या पहल की है।

जवाब में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि बकाये के भुगतान को लेकर राज्य सरकार गंभीर है और इस दिशा में हम आगे बढ़ रहे हैं।

****************

टेंडर घोटाला के जरिये करोड़ों रुपये की मनी लॉन्ड्रिंग करने के आरोपी पूर्व मंत्री आलमगीर आलम और उनके ओएसडी संजीव लाल की जमानत याचिका पर अब हाईकोर्ट में 7 मार्च को सुनवाई होगी। दोनों आरोपियों की जमानत याचिका हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है। गौरतलब है कि आलमगीर आलम और संजीव लाल दोनों आरोपियों को रांची पीएमएलए की विशेष अदालत ने बेल देने से इनकार कर दिया था और उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। जिसके बाद दोनों ने हाईकोर्ट में जमानत के लिए गुहार लगाई है।

****************

आउटसोर्सिंग स्वास्थ्य कर्मियों के हड़ताल पर चले जाने से बोकारो सदर अस्पताल में स्वास्थ्य सेवा लगभग ठप हो गई है। हड़ताल पर गए स्वास्थ्य कर्मियों ने आरोप लगाया है कि वे पिछले सात वर्षों से सदर अस्पताल में सेवा दे रहे हैं लेकिन उन्हें न न्यूनतम मजदूरी दी जाती है और न ही एसआई और पीएफ ही काटा जाता है। उनका कहना है कि पिछले 6 माह से पारिश्रमिक तक नहीं मिल रही है।

****************

चतरा जिले में बिरसा हरित बागवानी योजना महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

****************

आज विश्व वन्यजीव दिवस है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी लोगों से अविश्वसनीय जैव विविधता की रक्षा और संरक्षण के लिए प्रतिबद्धता दोहराने का आग्रह किया है। उन्होंने वन्यजीवों के संरक्षण में भारत के योगदान पर भी गर्व व्यक्त किया। प्रधानमंत्री ने आज गुजरात में जूनागढ़ जिले के सासनगिर में राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड – एनबीडब्ल्यूएल की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने देश में वन्यजीव संरक्षण और सुरक्षा के लिए कई पहल की हैं।

****************

टाटा समूह और जमशेदपुर के संस्थापक जमशेदजी नसरवानजी टाटा के जन्म दिवस के अवसर पर आज टाटा स्टील परिसर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान टाटा समूह के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन के साथ टाटा स्टील के एमडी सह सीईओ टीवी नरेंद्रन समेत टाटा ग्रुप के अधिकारियों और कर्मचारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने भी पोस्टल पार्क स्थित जे एन टाटा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

*****समाप्त*****